**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

मूल वाद संख्या 259/2023

स्टेट बैंक आफ इंडिया बनाम मैसर्स कोमेक्स स्पोर्ट्स और अन्य

**दिनांकः 17-04-2025**

वाद पुकारा गया। वादी के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित है। प्रतिवादीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि दिनांक 03-11-2023 को इस न्यायालय द्वारा प्रतिवादीगण पर समन की तामील पर्याप्त मानी जा चुकी हैं, किन्तु वादी द्वारा वादपत्र में संशोधन करने के कारण संशोधित वादपत्र की प्रति के साथ प्रतिवादीगण को पुनः समन प्रेषित किये गये थे तथा इस न्यायालय द्वारा आदेशिका वाहक के माध्यम से प्रतिवादी संख्या 1 मैसर्स कोमेक्स स्पोर्ट्स एवं प्रतिवादी संख्या 1 के प्रोपराइटर प्रतिवादी संख्या 2 जोगिन्द्र कुमार को प्रेषित समन कागज संख्या 24ग/3 एवं 24ग/2 पर आदेशिका वाहक द्वारा यह आख्या प्रस्तुत की गई है कि "दिनांक 06-02-2025 को मौका तामील पर जाकर जोगेन्द्र को तलाश किया तो मिला। समन नकल सहित उन्हें दिए तो उन्होंने अपने दो किता समन नकल सहित प्राप्त कर समन पुस्तों पर अपने हस्ताक्षर कर दिये।" इस प्रकार प्रतिवादीगण पर समन की तामील पर्याप्त है। पत्रावली दिनांक 20-05-2025 को प्रतिवाद पत्र हेतु पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.04.17 16:52:11 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court